No. of Printed Pages : 6 **बी.एच.डी.एफ.-101 / एफ.एच.डी.-1**

16117

हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2010

पाठ्यक्रम-कोड : बी.एच.डी.एफ.-101/एफ.एच.डी.-1

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *इस प्रश्न पत्र में **तीन** खण्ड हैं। खण्ड '**क**' सभी विद्यार्थियों के लिए **अनिवार्य** है। खण्ड '**ख**' और खण्ड '**ग**' में से किसी **एक** खण्ड का उत्तर देना है। एफ.एच.डी.-1 के विद्यार्थी खण्ड '**ख**' और बी.एच.डी.एफ.-101 के विद्यार्थी खण्ड '**ग**' के प्रश्नों का उत्तर दें।*

खण्ड - क

1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्याय लिखिए : 5

   अग्नि, इच्छा, कृष्ण, तालाब, हाथ

2. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 5

   (क) अक्ल का दुश्मन

   (ख) ईद का चाँद होना

3. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 5

   देवालय, सर्वोत्तम, जगन्नाथ, नाविक, संपूर्ण

4. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) स्त्री मुक्ति का प्रश्न

(ख) बीजिंग में ओलंपिक

(ग) सामाजिक न्याय की प्रक्रिया

(घ) बदलता भारतीय समाज

5. अखबार में छपे विज्ञापन का संदर्भ देते हुए नौकरी प्राप्ति के लिए आवेदन पत्र लिखिए। 5

6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

साहस की जिंदगी रोमांचक होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि साहसी व्यक्ति इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखनेवाले लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीनेवाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और दुनिया को प्रकाश भी उसी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना साधारण जीव का काम है। क्रांति करनेवाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल को देखकर मद्धिम बनाते हैं।

(क) साहसिक जीवन की क्या पहचान है?

(ख) व्यक्ति किस प्रकार विश्व की ताकत बन सकता है?

(ग) साधारण लोग कैसे होते हैं?

(घ) क्रांतिकारी की क्या विशेषता होती है?

(ङ) उपर्युक्त अनुच्छेद का शीर्षक बताइए।

खण्ड - ख

(इस खण्ड में शामिल प्रश्नों का उत्तर केवल *एफ.एच.डी - 1* के विद्यार्थी दें)

7. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का लगभग 200 शब्दों में आशय स्पष्ट कीजिए : 5

(क) यह खेती का मजा है! और एक-एक भागवान ऐसे पड़े हैं, जिनके पास जाड़ा जाए तो गरमी से घबड़ाकर भागे। मोटे-मोटे गद्दे, लिहाफ, कम्मल। मजाल है, जाड़े की गुजर हो जाए। तकदीर की खूबी है। मजूरी हम करें, मजा दूसरे लूटें!

(ख) क्रोध, शांति भंग करने वाला मनोविकार है। एक का क्रोध दूसरे में भी क्रोध का संचार करता है।

8. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों का उत्तर लगभग 200-200 शब्दों में दीजिए : 5x2=10

(क) 'पूस की रात' कहानी का सार अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) 'मानस का हंस' के नायक तुलसीदास का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ग) गांधीजी की आत्मकथा से क्या सीख मिलती है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) सूरदास के काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

खण्ड - ग

9. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** का आशय लगभग 200 शब्दों में लिखिए : 5

(क) "दीपक के जलने में आली
फिर भी है जीवन की लाली
किंतु पतंग-भाग्य-लिपि काली
किसका वश चलता है?
दोनों ओर प्रेम पलता है।"

(ख) "अस्पृश्यता का ऐसा माहौल
कि कुत्ते - बिल्ली, गाय-भैंस का
छूना बुरा नहीं था लेकिन यदि
चूहड़े का स्पर्श हो जाए तो पाप
लग जाता था। सामाजिक स्तर
पर इनसानी दर्जा नहीं था। वे
सिर्फ जरूरत की वस्तु थे। काम
पूरा होते ही उपयोग खत्म।
इस्तेमाल करो, दूर फेंको।"

10. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200-200 शब्दों में दीजिए : **5x2=10**

(क) 'वैष्णव की फिसलन' निबंध की विशेषताएँ बताइए।

(ख) 'बहुत बड़ा सवाल' एकांकी में किन सवालों को उठाया गया है?

(ग) 'जीने की कला' निबंध का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) महादेवी की काव्यगत विशेषताओं की चर्चा कीजिए।